राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018, फोन– 0141–2552796

क्रमांकःप.14(107)(2)RSSB / अर्थना / प्रा.शि. / अध्यापक / भर्ती / पा.जां. / 2022 / 1415 दिनांक 02.03.2023

—:: कार्यालय आदेश ::—

प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय अध्यापक सीधी भर्ती–2022

बोर्ड द्वारा प्रारम्भिक शिक्षा विभाग, राजस्थान के लिए अध्यापक लेवल–प्रथम एवं लेवल–द्वितीय के कुल 48000 पदो पर भर्ती हेतु विज्ञापन संख्या 12 / 2022 कमांक 1205 दिनांक 16.12.2022 के द्वारा प्राथमिक विद्यालय अध्यापक(सामान्य / विशेष शिक्षा)(लेवल–प्रथम, कक्षा 01 से 05 तक) सीधी भर्ती परीक्षा–2022 एवं विज्ञापन सं. 13 / 2022 कमांक 1213 दिनांक 16.12.2022 के द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय अध्यापक(सामान्य / विशेष शिक्षा)(लेवल–द्वितीय, कक्षा 06 से 08 तक) सीधी भर्ती परीक्षा–2022 के विज्ञापन जारी किये गये।

उक्त पदों पर बोर्ड द्वारा दिनांक 25.02.2023 से दिनांक 01.03.2023 तक लेवल–प्रथम एवं लेवल–द्वितीय की परीक्षायें आयोजित करवाई गई है। इस भर्ती में ऑनलाईन आवेदन में संशोधन करने हेतु **दिनांक 03.03.2023 से दिनांक 12.03.2023 23.59 बजे तक** अंतिम अवसर प्रदान किया जाता है। अभ्यर्थी अपने ऑनलाईन आवेदन में श्रेणी, विशेष श्रेणी, उप श्रेणी, पोस्ट श्रेणी(सामान्य शिक्षा / विशेष शिक्षा / दोनों), शैक्षणिक योग्यता, जिलेवार वरीयता, लिंग, एवं वैवाहिक स्थिति यथा विधवा, परित्यक्ता आदि में निर्धारित रूपये 300 /– का शुल्क ऑनलाईन भुगतान कर संशोधन कर सकेंगे।

आवेदक स्वयं के नाम, माता / पिता के नाम, रीट परीक्षा (लेवल, परीक्षा वर्ष, रोल नम्बर), विषय, पते, फोटो एवं हस्ताक्षर इत्यादि में संशोधन नहीं कर सकेंगे। आवेदक के नाम, आवेदक के माता / पिता के नाम, पते, फोटो एवं हस्ताक्षर में त्रुटिपूर्ण सूचनाओं के संशोधन हेतु (चयन होने की स्थिति में) दस्तावेज सत्यापन के समय ही विचार किया जाएगा।

उक्त समय सीमा के पश्चात् किसी भी स्थिति में बोर्ड द्वारा कोई संशोधन नहीं किया जावेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी। इस हेतु बोर्ड द्वारा कोई भी ऑफलाईन प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।

(संजय कुमार माथुर)
सचिव